प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत प्रौद्योगिकी सुधार और वित पर एक वेबिनार को वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे सम्बोधित ।
- राज्य सभा की खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित प्रदेश में एक सीट के लिए होगा चुनाव।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा की दिशा में उठाए गए कदमों को बताया ऐतिहासिक।
- आर्थिक संकट से जूझ रही राज्य सरकार फिर लेगी एक हजार तीस करोड़ रुपये का ऋण।

प्रधानमंत्री–वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। बजट के बाद आयोजित होने वाले इस वेबिनार में सार्वजनिक पूंजी व्यंय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तींय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार–विमर्श होगा। केन्द्रीय बजट 2026–27 के प्रमुख विषयों पर बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनारों की श्रृंखला में यह पहली ऑनलाइन संगोष्ठी है। इन संगोष्ठियों का उद्देश्य पिछले अनुभवों से लाभ लेना और प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना है ताकि व्यवहारिक अनुभवों के आधार पर बजट घोषणाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। वेबिनार में उद्योग जगत, वित्तीय संस्थान, बाजार, सरकार और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी अधिसूचना के तहत प्रदेश में एक सीट के लिए यह चुनाव होगा। भाजपा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह सीट खाली हो रही है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की आखिरी तारीख 5 मार्च तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को होगी। उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणा भी उसी दिन होगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने बीते 12 वर्षों में जन–जन को सुलभ व उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवाएं आमजन की पहुंच में है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ देश को विकास की नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट दृष्टि कोण रहा है कि यदि देश के नागरिक स्वस्थ रहेंगे तो देश भी स्वस्थ और समृद्ध बनेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आजादी के 7 दशकों बाद भी देश में केवल 6 एम्स थे जो पिछले 12 वर्षों में बढ़कर 23 हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी परियोजना के अंतर्गत 14 हजार से अधिक जन औषधी केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां 80 प्रतिशत तक की छूट पर दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उज्जवला योजना

गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करवाने के उदेश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का तीसरा चरण शुरू हो गया है। इस चरण के तहत आकांक्षी जिला चम्बा में पात्र परिवारों की महिलाओं को निशुल्क एल.पी.जी. गैस कनैक्शन उपल्बध करवाने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने पात्र परिवारों से योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित कार्यालय में सम्पर्क करने का आह्वान किया है ।

*प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जिसका लाभ लम्बे समय से लोग उठा रहे हैं। दो चरणों के बाद अब उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 2,050 रुपये मूल्य तक का निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिया जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को आवश्यक दस्तावेजों में पूर्ण रूप से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म, पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवेदक सहित पूरे परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र आदि आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को दिया जाएगा जिनके किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज न हो और जिनकी मासिक आय 10 हजार रुपये से कम हो। –आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर*

बैठक

हिमाचल प्रदेश के शिक्षक संघ की राज्य स्तरीय बैठक शिक्षा बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने शिक्षकों से जुड़े शैक्षणिक, परीक्षात्मक और प्रशासनिक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक का मुख्य उदेश्य बोर्ड परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करना, मूल्यांकन प्रणाली को अधिक वैज्ञानिक व न्याय संगत बनाना, व्यावहारिक परीक्षाओं की निष्पक्ष व्यवस्था स्थापित करना और शिक्षकों के मानदेय व यात्रा भत्ते से जुड़े लम्बित मामलों के समाधान के लिए ठोस पहल करना रहा। बैठक से शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष की गैर मौजूदगी पर संघ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने भविष्य में इस तहर के की स्थित पैदा न होने की उम्मीद जताई।

ऋण

आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही राज्य सरकार एक हजार 30 करोड़ रुपए का ऋण लेने जा रही है। इसके लिए नीलामी प्रक्रिया दो मार्च को होगी। चार मार्च को ऋण राशि सरकार के खाते में जमा हो जाएगी। सरकार की तरफ से यह ऋण 20 वर्ष की अवधि के लिए लिया जा रहा है। जिसे चार मार्च 2046 तक लौटाना होगा। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस ऋण को लेने के बाद प्रदेश पर करीब एक लाख 3 हजार एक सौ 5 करोड़ रुपये का ऋण चढ़ जाएगा।

निरीक्षण

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल सरोल स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रबंध व्यवस्था की समीक्षा की और जिला प्रशासन व महाविद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैडिकल कॉलेज को नए परिसर में शिफ्ट करने को लेकर सरकार औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

*यह जो खाली पड़ी हुई बिल्डिंग है उसको इस्तेमाल करने की बात इसके फर्नीचर को इस्तेमाल करने की जरूरत है इसके अतिरिक्त भवन के निर्माण की बात है जो जरूरी उसे बहुत कम डाक्टर और ऐसोशिएटिड स्टाफ है वह यहां पर है और उसके उपर जल्दी से निर्णय लेने की जरूरत है चाहे वह फर्नीचर से रिलेटिड हो या बिल्डिं से रिलेटिड हो।*

अनुराधा राणा

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बीते कल उदयपुर उपमंडल के तांदी, जहालमा, नालडा और थिरोट गांव का दौरा किया और लोगों की जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आई जिन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उदयपुर पहुंचने पर अनुराधा राणा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर को लेकर सुझाव मांगे।

समीक्षा बैठक

कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में जिले के स्थानीय शहरी निकायों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों में चल रहें विकास कार्यों, सॉलिड–वेस्ट मैनेजमेंट, डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण और लावारिस पशुओं से संबंधित व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता व सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

स्की कोर्स

जिला चम्बा के जनजातीय पांगी उपमंडल को साहसिक गतिविधयों को बढ़ावा देकर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मुहिम तेज हो गई है। इसी के मद्देनजर पांगी स्की ऐसोशिएशन सुराल ने घाटी में 14 दिवसीय बेसिक स्की कोर्स का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण शिवर में पांगी उपमंडल के 2 दर्जन से अधिक युवक व युवतियां पूरे जोश के साथ भाग ले रहे हैं। इस मौके पर सुराल स्की एसोशिएशन के अध्यक्ष कुलदीप धुतवानी ने आकाशवाणी से बात करते हुए प्रशिक्षण शिवर के आयोजन उदेश्य पर प्रकाश डाला।
इस दौरान मुख्य अतिथि व सुराल पंचायत के प्रधान दीपक चौहान ने क्षेत्र के युवाओं से साहसिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेकर पांगी घाटी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने में सहयोग का आह्वान किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण का शीर्षक है–दिल्ली व हिमाचल पुलिस के टकराव पर कांग्रेस–भाजपा आक्रामक। अमर उजाला की सुर्खी है–रोहड़ू से गिरफ्तार युकां कार्यकर्ता तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे। दिव्य हिमाचल लिखता है–रातभर चले ड्रामे के बाद तीनों आरोपियों को ले गई दिल्ली पुलिस। जबकि दैनिक भास्कर के शब्द हैं–सुबह 6 बजे दिल्ली पुलिस 3 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को ले गई अपने साथ।

ंपंजाब केसरी लिखता है–गंभीर आर्थिक हालत के बीच सरकार लेगी एक हजार तीस करोड़ रुपये का कर्ज। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल सरकार एक हजार तीस करोड़ रुपये का और कर्ज लेगी, 20 साल में चुकाना होगा–अख़बार ने ''राज्य सभा चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त'' शीर्षक से ख़बर को भी पहले पन्ने पर जगह दी हैं ।

'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत प्रौद्योगिक सुधार और वित पर एक वेबिनार को वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे सम्बोधित ।
- राज्य सभा की खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित प्रदेश में एक सीट के लिए होगा चुनाव।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा की दिशा में उठाए गए कदमों को बताया ऐतिहासिक।
- आर्थिक संकट से जूझ रही राज्य सरकार फिर लेगी एक हजार तीस करोड़ रुपये का ऋण।

---